"This decision has been taken after due deliberations with MSME stakeholders and is in line with the Aatma Nirbhar Bharat Abhiyan. The Ministry of MSME, Government of India, has allowed those registered MSMEs to continue to avail of non-tax benefits for three years, instead of one year, in case of an upward graduation in their category and consequent reclassification," an official statement said.

Non-tax benefits include benefits of various government schemes, including Public Procurement Policy, Delayed Payments, etc.

E-Invoicing

Eligibility -

- A registered person, other than
- a government department,
- a local authority,
- a Special Economic Zone unit and those referred to in sub-rules
- Insurance Company or Banking Company or Financial Institution
- GTA for transportation of goods by road
- Suppliers of Passenger Transportation Service
- Multiplex Screens

E-Invoicing Is required to issue, if -

- Aggregate Turnover in any FY from 2017-18 exceeds
- Rs. 500 Crores - w.e.f. 01.10.2020
- Rs. 100 Crores - w.e.f. 01.01.2021
- Rs. 50 Crores - w.e.f. 01.04.2021
- Rs. 20 Crores - w.e.f. 01.04.2022
- Rs. 10 Crores - w.e.f. 01.10.2022

E-Invoicing - Applicability -

- B2B Supply of Goods - At the time or Before Removal of Goods
- B2B Supply of Services - At anytime within 30 days of provisions of service
- B2C Supply of Goods or Services - Not Required
- Exempt Supply - Not Required
- Exports - Mandatory

E-Invoicing -Other Conditions -

- Rule 48. Manner of issuing invoice
- (5) Every invoice issued by a person to whom sub-rule (4) applies in any manner other than the manner specified in the said sub-rule shall not be treated as an invoice.
- Section 122. Penalty for certain offences. -(1) Where a taxable person who-
- (i) supplies any goods or services or both without issue of any invoice or issues an incorrect or false invoice with regard to any such supply.

Impact of non-issue of E-Invoicing-Rule 48(5)

ITC

- (a) Possession of a Tax Invoice or Debit Note
- (aa) Details furnished by supplier in GSTR 1 and communicated to Recipient-Finance Act, 2021 w.e.f. 01.01.2022

■ (b) Receipt of goods or Services
■ (ba) The Details communicated u/s 38 have not been restricted-Finance Act, 2022 w.e.f. 01.10.2022
■ (c) Tax charged has been actually paid.
■ (d) Furnished return under section 39
Input Tax Credit - Section 16
■ The Auto generated Statement shall contain: -
■ (a) Details on inward supplies whose ITC may be available
■ (b) Details of supplies whose ITC cannot be availed on account of:-
■ (i) Within such period of registration of supplier
■ (ii) Default in Payment of Tax by supplier
■ (iii) Tax payable in GSTR 1 > Tax paid in GSTR 3B by supplier
■ (iv) ITC has been taken > clause (a) above by supplier
■ (v) Defaulted Section 49(12) - Rule 86B by supplier
■ (vi) Such other class of persons as may be prescribed (Suppliers)
Input Tax Credit - Section 38
INTEREST AND PENAL PROVISIONS
Interest is levied in following cases: -
■ Return filed late
■ Additional Tax Paid through DRC-03 / GSTR 9
■ ITC reversal at a later date Interest Provisions
Interest is levied in following cases: -
■ Turnover of current month shown in the current return
■ Interest on Net Tax Liability @ 18% p.a.
■ Turnover of previous month shown in the current return
■ Interest on Gross Amount of Tax @ 18% p.a.
Interest Provisions - Return filed Late
Interest is levied in following cases: -
■ ITC is reversed from Credit Ledger
■ No Interest if the balance was maintained in the ECL
■ Interest will be payable from the date when the ECL Balance falls below the reversal amount
■ ITC reversal paid from Cash Ledger
■ Interest @ 18% p.a.
Interest Provisions - ITC Reversal
Penalty is levied in following cases:-
■ Tax Not Paid
■ Tax Short Paid
■ ITC wrongly awailed
■ ITC wrongly Utilised
■ Erroneous Refund
■ 100% of the Tax Amount for reasons of fraud.
■ 10% of the Tax Amount otherwise
Penalty Provisions -
Penalty is levied in following Offences: -
■ Supply of goods without issue of invoice
■ Issue of Invoice without supply of goods
■ Takes or utilize ITC without actual receipt of goods or services
■ Failure to maintain records
■ Issues invoice of document using GSTIN of another person
■ 10000/- or the Tax Amount whichever is higher
Offences
Penalty is levied in following Offences -
■ A false entry
■ An omission of an entry to evade tax
■ Penalty equal to the amount of false entry or omitted entry
Income Tax Penalty-271AAD
A false entry means:-
■ Forged or falsified invoice; or
■ Invoice in respect of supply or receipt of goods or services or both without actual supply or receipt of suchgoods or services or both; or
■ Invoice in respect of supply or receipt of goods or services or both to or from a person who does not exist Income Tax Penalty- 271AAD.

□□□

LUB's News in Brief

LUB's Coimbatore Unit conducts its Meeting of Core Committee

LUB's Coimbatore Unit conducts its Meeting of Core Committee on 15th October. TN State President Shri Mohana Sundaram and Joint General Secretary Shri Shivakumar both guided the members on various issues.

□□□

Former Prez Shri Krishna Visiting Industries for Futuristic Vision

LUB's former National President cum Hon. Consul for the Republic of Mali Shri HVS Krishna along with CBE former Treasurer and present Member of Advisory Committee Shri G. Soundararajan visited the industreis.

□□□

DPIIT notifies establishment of Credit Guarantee Scheme for Start-ups

(Scheme to Act as A Key Enabler & Risk Mitigation Measure for Lending Institutions, Enabling Collateral Free Funding to Startups)

New Horizons

Udyog Times Desk

The Department for Promotion of Industry and Internal Trade (DPIIT), Ministry of Commerce and Industry has notified the establishment of the Credit Guarantee Scheme for Startups (CGSS) for providing credit guarantees to loans extended by Scheduled Commercial Banks, Non-Banking Financial Companies and Securities and Exchange Board of India (SEBI) registered Alternative Investment Funds (AIFs).

CGSS is aimed at providing credit guarantee up to a specified limit against loans extended by Member Institutions (MIs) to finance eligible borrowers' viz. Startups as defined in the Gazette Notification issued by DPIIT and amended from time to time. The credit guarantee cover under the Scheme would be transaction based and umbrella based. The exposure to individual cases would be capped at Rs. 10 crore per case or the actual outstanding credit amount, whichever is less.

In respect of transaction-based guarantee cover, the guarantee cover is obtained by the MIs on single eligible borrower basis. Transaction based guarantees will promote lending by Banks/ NBFCs to eligible startups. The extent of transaction-based cover will be 80% of the amount in default if the original loan sanction amount is up to Rs. 3 crore, 75% of the amount in default if the original loan sanction amount is above Rs. 3 crore, and up to Rs. 5 crore, and 65% of the amount in default if the original loan sanction amount is above Rs. 5 crore (up to Rs. 10 crore per borrower).

The umbrella-based guarantee cover will provide guarantee to Venture Debt Funds (VDF) registered under AIF regulations of SEBI (a growing segment of funding in Indian startup ecosystem), in view of the nature of funds raised by them and debt funding provided by them.The extent of umbrella-based cover will be the actual losses or up to a maximum of 5% of Pooled Investment on which cover is being taken from the fund in eligible startups, whichever is lower, subject to a maximum of Rs.10 crore per borrower.

Along with institutional mechanisms for operationalizing the Scheme, DPIIT will be constituting a Management Committee (MC) and a Risk Evaluation Committee (REC) for reviewing, supervising and operational oversight of the Scheme. The National Credit Guarantee Trustee Company Limited (NCGTC)

will be operating the Scheme.

Prime Minister, Shri Narendra Modi launched Startup India Action Plan on 16th January 2016 to lay the foundation of Government support, schemes and incentives envisaged to create a vibrant startup ecosystem in the country. The Action Plan envisaged a Credit Guarantee Scheme to catalyze entrepreneurship through credit to innovators and encourage banks and other member institutions in the ecosystem for providing venture debt to startups.

A dedicated credit guarantee for DPIIT recognised start-ups will address the issue of unavailability of collateral free loan and enable flow of financial assistance to innovative startups through their journey to becoming full-fledged business entities. The Scheme further reiterates Government's focus towards promoting innovation and fostering entrepreneurship for making Indian startup ecosystem the best in the world.

With the objective of mobilising domestic capital for Indian startups, CGSS will complement the existing Schemes under Startup India initiative viz. Fund of Funds for Startups and Startup India Seed Fund Scheme.

The framework of CGSS has been prepared in extensive consultations with the stake holder sover the years with line ministries, banks, NBFCs, venture debt funds, academia and experts from startup ecosystem. The Scheme will act as a key enabler and risk mitigation measure for the lending institutionsenabling collateral free funding to startups. □□□

केंद्रीय संचार मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने जयपुर कौशल विकास केन्द्र का किया अवलोकन

केन्द्रीय रेल, संचार एवं आईटी मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने जयपुर में लघु उद्योग भारती के निर्माणाधीन स्किल डेवलपमेंट सेंटर का अवलोकन किया। राष्ट्रीय संगठन महामंत्री श्री प्रकाशचन्द्र, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री ओमप्रकाश मित्तल, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष सीए योगेश गौतम, राष्ट्रीय सचिव श्री नरेश पारीक एवं सांसद श्री रामचरण बोहरा की उपस्थिति में टीम जयपुर ने पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से निर्माणाधीन कौशल विकास केन्द्र के सम्बंध में विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की। 1.16 लाख वर्ग फुट के प्रस्तावित इस विशाल कौशल केंद्र की अनुमानित लागत 36.50 करोड़ रुपये है।

एलयूबी पूर्वोत्तर इकाई ने असम राज्यपाल श्री जगदीश मुखी से दीपावली उत्सव पर की शिष्टाचार भेंट

एलयूबी पूर्वोत्तर इकाई के पदाधिकारियों ने 27 अक्टूबर को असम के राज्यपाल श्री जगदीश मुखी से दीपावली उत्सव पर भेंट कर शुभकामनाएं दी तथा उन्हें ग्राम-शिल्पी समाज की सहायतार्थ आयोजित दीपावली दीपक वितरण कार्यक्रम से अवगत करवाया। इस अवसर पर राज्य के औद्योगिक परिवेश पर भी चर्चा हुई।

राजस्थान प्रदेश का क्षेत्रीय उद्यमी सम्मेलन किशनगढ़ में संपन्न

रिपोर्ट

उद्योग टाइम्स डेस्क

लघु उद्योग भारती, राजस्थान प्रदेश का क्षेत्रीय उद्यमी सम्मेलन किशनगढ़ के आर. के. कम्युनिटी सेंटर में 30 अक्टूबर, 2022 को आयोजित किया गया।

प्रथम सत्र दीप-प्रज्वलन एवं संगठन-मंत्र वाचन के साथ प्रारम्भ हुआ। प्रदेश अध्यक्ष श्री शांतिलाल बालड़ ने स्वागत भाषण दिया और प्रदेश में उद्योग हित में संगठन की सक्रियता और कार्यक्रमों की जानकारी दी। प्रदेश महामंत्री श्री मुकेश अग्रवाल ने क्षेत्रीय सम्मेलन की विस्तृत विवेचना प्रस्तुत की।

द्वितीय सत्र में प्रांत सह बैठक आयोजित की गई जिसमें जोधपुर प्रांत की बैठक राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री ताराचंद गोयल, जयपुर प्रांत की बैठक राष्ट्रीय महामंत्री श्री घनश्याम ओझा, चित्तौड़ प्रांत की बैठक पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री ओमप्रकाश मित्तल ने ली। इस सत्र में इकाइयों से स्थानीय समस्याओं और भविष्य की योजनाओं के बारे में विस्तार से चर्चा की गई।

तृतीय सत्र में महिला कार्य से संबंधित जानकारी प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती अंजू सिंह ने दी। ग्राम शिल्पी, स्वावलंबी भारत योजना एवं स्वरोजगार योजना के बारे में श्री योगेंद्र शर्मा और विनय बम्ब ने जानकारी दी। सोशल मीडिया पर श्री राधेश्याम चोयल, व्यवस्था परिवर्तन पर श्री घनश्याम ओझा और आयाम कार्य पर श्री शांतिलाल बालड़ ने विचार रखे।

चतुर्थ-सत्र में एमएसएमई सेक्टर के समक्ष चुनौतियां और संभावनाएं तथा प्रतिस्पर्धा में स्वयं के उद्यम को कैसे स्थापित रखें जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रख्यात आर्थिक चिंतक और स्वावलम्बी भारत अभियान के राष्ट्रीय समन्वयक श्री भगवती प्रकाश ने मार्गदर्शन किया।

अंतिम सत्र भारत सरकार में संसदीय कार्य मंत्री श्री अर्जुनराम मेघवाल की अध्यक्षता और लघु उद्योग भारती के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री श्री प्रकाशचंद्र, अर्थ शास्त्री श्री भगवती प्रकाश शर्मा, राष्ट्रीय महासचिव श्री घनश्याम ओझा, श्री नितिन अग्रवाल एवं श्री गुरविंदर सिंह सैनी की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित हुआ। आर. के. मार्बल के श्री सुरेश पाटनी, मार्बल एसोसिएशन अध्यक्ष श्री सुधीर एवं श्री सीएम ने अतिथियों का स्वागत किया।

केन्द्रीय संस्कृति एवं बाल विकास मंत्री श्री अर्जुनराम मेघवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन से विकसित भारत की कल्पना साकार हो रही है। उन्होंने बताया कि औद्योगिक क्षेत्र से बार-बार जीएसटी की श्रेणियों को लेकर आ रही शिकायतों पर सरकार शीघ्र निर्णय करेगी। उन्होंने कहा कि जीएसटी के केवल दो स्लैब रखने पर विचार हो रहा है। संसदीय कार्य मंत्री ने किशनगढ़ एयरपोर्ट से हवाई सेवाएं चालू करने और वियतनाम जैसे देशों में एक्सपोर्ट होने वाले मार्बल-ग्रेनाइट की सीलिंग स्थानीय स्तर पर करने के लिए संबंधित मंत्रालय से समाधान का भरोसा दिया। उन्होंने ईएसआई हॉस्पिटल स्थापित करवाने की घोषणा भी की।

कार्यक्रम में लघु उद्योग भारती के राष्ट्रीय संगठन मंत्री प्रकाश चन्द्र ने उद्योगों के विकास मार्ग का उल्लेख करते हुए उद्यमियों से चुनौतियों के बीच से मार्ग बनाकर चलने का आह्वान किया।

सांसद श्री भागीरथ चौधरी ने मार्बल पर जीएसटी की दर 18 से घटाकर 12 प्रतिशत करने, उद्योगों के लिए बिजली की दरों में कमी के साथ टेक्सटाइल और पॉवरलूम उद्योगों को राहत प्रदान करने की मांग की। लघु उद्योग भारती के प्रदेश अध्यक्ष श्री शांतिलाल बालड़ ने लघु उद्योगों की समस्याओं पर सदन का ध्यानाकर्षण किया। कार्यक्रम को बैंक ऑफ बड़ौदा के महाप्रबंधक श्री केके चौधरी समेत कई वक्ताओं ने संबोधित किया। किशनगढ़ इकाई अध्यक्ष श्री दीपक शर्मा ने आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में उद्यमी श्री उमेश गोयल, श्री मनोज अग्रवाल, श्री जितेंद्र सिंह राजपुरोहित, श्री दिवाकर दाधीच, श्री सुनील जाखेतिया, श्री सुनील अग्रवाल, श्री प्रहलाद अग्रवाल, श्री प्रकाश भोमावत, श्री पवन बंगाली, श्री अखिलेश मालपानी, श्री रसिक दरगड़, श्री राजेश गोयल, श्री सुनील, श्री राजीव चौधरी, श्री राजीव चोरड़िया, श्री संपत सुराणा एवं श्री विकास अग्रवाल का सहयोग सराहनीय रहा। □□□

राजसमंद महिला इकाई ने स्वयंसिद्धा हस्तशिल्प प्रदर्शनी का किया सफल आयोजन

(प्रदर्शनी ने स्वावलंबी भारत और महिला सशक्तिकरण को लघु रूप में प्रदर्शित किया)

लघु उद्योग भारती, राजसमंद महिला इकाई की ओर से 15- 16 अक्टूबर को दो दिवसीय स्वयंसिद्धा हस्तशिल्प प्रदर्शनी का सफल आयोजन कांकरोली पुरानी सब्जी मंडी परिसर में किया गया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ भारत माता एवं भगवान विश्वकर्मा के चित्र के समक्ष पूजन के साथ किया गया। स्वागत उद्बोधन महिला इकाई अध्यक्ष श्रीमती किरण बापना ने किया। मुख्य अतिथि राजसमंद विधायक श्रीमती दीप्ति माहेश्वरी ने कहा कि महिला इकाई की ये अभिनव पहल महिला सशक्तिकरण में निश्चित रूप से सहायक सिद्ध होगी। इस अवसर पर चित्तौड़ प्रांत अध्यक्ष श्री योगेन्द्र शर्मा ने संगठन की गतिविधियों और प्रदेश मंत्री महिला इकाई श्रीमती रीना राठौड़ ने महिलाओं की सक्रिय भागीदारी पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग संघचालक भी उपस्थिति रहे। महिला इकाई सचिव श्रीमती लीला लड्ढ़ा ने आभार प्रदर्शित किया।

उल्लेखनीय है कि प्रदर्शनी में 42 स्टॉल्स पर प्रदर्शित किए गए विविध उत्पाद स्वयं महिला उद्यमियों द्वारा निर्मित थे। प्रदर्शनी में आमंत्रित समस्त अतिथियों को महिला इकाई की ओर से बनाए गए मिटटी के दीपक और हस्तशिल्प उपहार सम्मान स्वरूप भेंट किए गए।

इस दो दिवसीय प्रदर्शनी में प्रदेश सचिव श्री सुनील बूब, राजसमंद शाखा अध्यक्ष श्री हर्षलाल नवलखा, सचिव श्री संदीप श्यामसुखा, कोषाध्यक्ष श्री बृजगोपाल मालू, उपाध्यक्ष श्री उत्तम कावड़िया, श्री पवन कोठारी, श्री निर्मल बड़ाला, श्री राकेश लड्ढ़ा, श्री कुलदीप व्यास, श्री प्रसून राठी एवं अन्य सदस्यों का सक्रिय सहयोग रहा। कार्यक्रम के दौरान एलयूबी राजसमंद इकाई ने घुमन्तु समाज बंधुओं के 200 परिवारों को तेल, दीपक, पटाखे, मां लक्ष्मी जी का चित्र और मिठाई के पैकेट वितरित किए।

□□□

राजस्थान के नागौर जिले में खीवसर इकाई का शुभारम्भ

लघु उद्योग भारती, राजस्थान के नागौर जिले की खीवसर इकाई का शुभारम्भ 101 सदस्यों के साथ 18 अक्टूबर को किया गया। कार्यक्रम में केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्यमंत्री श्री कैलाश चौधरी, एलयूबी राष्ट्रीय संगठन महामंत्री श्री प्रकाशचंद्र, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री ओमप्रकाश मित्तल, राष्ट्रीय महासचिव श्री घनश्याम ओझा, प्रदेशाध्यक्ष श्री शांतिलाल बालड़, जोधपुर प्रांत अध्यक्ष श्री महावीर चौपड़ा, श्री मेघराज लोहिया, जोधपुर प्रांत संयुक्त महासचिव श्री सुरेश विश्नोई, कोषाध्यक्ष श्री दीपक माथुर, श्री भोजराज सारस्वत, नागौर इकाई अध्यक्ष श्री बनवारीलाल अग्रवाल सहित कई उद्यमीगण उपस्थित थे।

खीवसर इकाई मे श्री मोहनलाल बूब संरक्षक, श्री प्रहलाद मेहरिया अध्यक्ष, श्री रामकैलाश खदाव सचिव, श्री ओम अरोड़ा कोषाध्यक्ष, श्री राजेन्द्र प्रसाद जागिड़, श्री पंकज शर्मा व श्री महेन्द्र चम्पावत उपाध्यक्ष, श्री ऋषिराज लोहिया सह-सचिव व कार्यकारिणी सदस्य के रूप मे श्री प्रेम सियाग, श्री दीपक सोनी, श्री सौरभ मालपानी श्री धनराज चौहान, श्री जितेन्द्र बडियासर एवं श्री पवन लाखोटिया मनोनीत किये गए।

□□□

LUB's News in Brief

सिंगापुर ट्रेड एंड इंडस्ट्री प्रतिनिधिमंडल से आपसी सहयोग पर चर्चा

लघु उद्योग भारती मुख्यालय में सिंगापुर ट्रेड एंड इंडस्ट्री मंत्रालय के दो सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल से दिल्ली प्रांत के पदाधिकारियों ने 13 अक्टूबर को आपसी सहयोग की संभावनाओं पर चर्चा की। बातचीत में एमएसएमई के साथ विभिन्न क्षेत्रों में निवेश, स्किल डेवलपमेंट ऑटोमेशन एवं जॉइंट वेंचर पर अच्छी चर्चा हुई। चर्चा में अध्यक्ष श्री वीरेंद्र नागपाल, महामंत्री श्री ओम प्रकाश गुप्ता, कोषाध्यक्ष श्री दीवान चंद, पूर्व अध्यक्ष श्री रविंद्र बंसल, श्री सम्पत तोषनीवाल, महिला इकाई से श्रीमती नेहा कौशिक एवं अनु मिनोचा ने भाग लिया। □□□

एलयूबी दिल्ली ने इंडस्ट्री-4.0 विषयक कार्यशाला का आयोजन किया

एलयूबी दिल्ली और पॉलिसीवॉच इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में 14 अक्टूबर को इंडस्ट्री-4.0 विषयक कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें एनएसआईसी के डिजिटल हेड श्री विद्यासागर और फ्लिपकार्ट के एसोसिएट डायरेक्टर श्री गिरीश नायर ने ऑटोमेशन, एआई के उपयोग पर विस्तार से जानकारियां दी। सत्र की अध्यक्षता दिल्ली लघु उद्योग भारती अध्यक्ष श्री वीरेंद्र नागपाल ने की। इस कार्यशाला में डिजिटल भारत मिशन की सराहना की गयी जिसमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का जनहित कार्यों में उपयोग किया गया। साथ ही फ्लिपकार्ट द्वारा ऑटोमेशन की सहायता से छोटे उद्यमियों के उत्पादों की मार्केटिंग की भी विस्तार से चर्चा की गयी। लघु उद्योग भारती के श्री ओमप्रकाश ने बताया कि छोटे उद्योगों को अपने कारखानों की मशीनों का प्रिवेंटिव मेंटेनेंस करना चाहिए जो आधुनिक तकनीक से सम्भव है। □□□

दिल्ली प्रदेश प्रतिनिधिमंडल ने CPCB मुख्यालय में ज्ञापन दिया

PWM रूल्स की विसंगतियों के कारण प्लास्टिक उद्यमियों के समक्ष आ रही समस्याओं के लिए दिल्ली प्रदेश के 7 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने अध्यक्ष, श्री वीरेन्द्र नागपाल के नेतृत्व में CPCB मुख्यालय में सुश्री दिव्या सिन्हा (वरिष्ठ वैज्ञानिक, प्लास्टिक डिवीजन) से 10 अक्टूबर को मुलाकात की। इस अवसर पर PMW रूल्स के दोनों आयामों (पैकेजिंग और रीसाइक्लिंग) के सम्बन्ध में अलग-अलग प्रतिवेदन भी प्रस्तुत किये गए। उल्लेखनीय है कि प्लास्टिक रीसाइक्लिंग करने वालों को केवल CPCB पोर्टल पर पंजीकृत उद्यमियों से ही व्यवसाय करने की बाध्यता के अनुचित प्रावधान को हटाने के लिए संगठन प्रयासरत है। □□□

स्वयंसिद्धा स्वावलंबी भारत ट्रेड फेयर-2022 कटनी में 16 दिसंबर से

मध्यप्रदेश के कटनी शहर में 16 से 18 दिसंबर तक आयोजित होने वाले स्वयंसिद्धा स्वावलंबी भारत ट्रेड फेयर-2022 में 100 स्टॉल पर उत्पाद प्रदर्शित किये जायेंगे। ट्रेड फेयर में रजिस्ट्रेशन के लिए गूगल फॉर्म लिंक यहां दिया जा रहा है https://forms.gle/WsLMwmjycbWnP~Db|*

स्टॉल लगाने के लिए पात्र उद्यमियों को संपूर्ण राशि एमएसएमई मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा अनुदान के रूप में प्रदान की जाएंगी। स्टॉल बुकिंग हेतु इन नम्बरों पर सम्पर्क करें- 7000942464, 9755701750 □□□

एलयूबी भोपाल के श्री मीतेश लोकवानी टास्क फोर्स में सदस्य मनोनीत

मध्यप्रदेश शासन की ओर से प्रदेश में इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर के समुचित विकास हेतु नीति तैयार करने राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर की कंपनियों से संबंध स्थापित करने के लिए गठित उच्च स्तरीय टास्क फोर्स में लघु उद्योग भारती भोपाल इकाई के सदस्य श्री मीतेश लोकवानी को सदस्य मनोनीत किया गया है। □□□

बयाना में नई इकाई का हुआ गठन

एलयूबी राजस्थान में बयाना इकाई का गठन 15 अक्टूबर को 26 सदस्यों के साथ किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय संगठन मंत्री श्री प्रकाशचंद्र, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री ओमप्रकाश मितल, राष्ट्रीय महामंत्री श्री घनश्याम ओझा, प्रदेश महामंत्री श्री मुकेशचन्द्र अग्रवाल, जयपुर अंचल अध्यक्ष श्री सुधीर गर्ग, भरतपुर इकाई अध्यक्ष श्री सुनील प्रधान, सचिव श्री संजय चौधरी सहित अनेक उद्यमी उपस्थित थे। बयाना इकाई में श्री धर्मसिह चौधरी व श्री चन्द्रप्रकाश संरक्षक, श्री नितिन सिंघल अध्यक्ष, श्री रामबाबू धाकड व श्री कुलदीप धाकड उपाध्यक्ष, श्री प्रमोद जैन कोषाध्यक्ष एवं श्री केतन बंसल सचिव पद पर मनोनीत किए गए। □□□

अजमेर जिले में केकड़ी इकाई गठित

एलयूबी अजमेर जिले की केकड़ी इकाई का गठन 29 अक्टूबर को किया गया 34 सदस्यों के साथ। इस अवसर पर राष्ट्रीय संगठन महामंत्री श्री प्रकाशचंद्र, राष्ट्रीय महासचिव श्री घनश्याम ओझा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री ताराचन्द गोयल, प्रदेश अध्यक्ष श्री शांतिलाल बालड़, चितौड प्रांत अध्यक्ष श्री योगेन्द्र शर्मा, महामंत्री श्री पवन गोयल, अजमेर जिला अध्यक्ष श्री अजीत अग्रवाल एवं सचिव श्री कुणाल जैन उपस्थित थे। केकडी इकाई अध्यक्ष श्री अनिल मित्तल, सचिव श्री महेश मंत्री व

कोषाध्यक्ष श्री अंकित जैन मनोनीत किए गए।

एलयूबी उत्तराखंड में समन्वय बैठक आयोजित

लघु उद्योग भारती उत्तराखंड में जिलों की समन्वय बैठक 10 अक्टूबर को आयोजित की गई जिसमे सदस्यता अभियान, महिला उद्यमिता व उद्योगों की समस्याओं पर चर्चा हुई साथ ही 25 नए सदस्यों ने सदस्यता ग्रहण की और जनपदों के प्रभारी अधिकारियों का सम्मान हुआ।

ब्यावर महिला इकाई ने बैंकिंग सिस्टम को सीखा

एलयूबी ब्यावर महिला इकाई ने अपने सदस्यों के लिए बैंक से परिचय कार्यक्रम स्थानीय यस बैंक शाखा में 15 अक्टूबर को आयोजित किया जिसमें 14 सदस्यों ने बैंकिंग सिस्टम को समझा। शाखा प्रबंधक श्रीमती स्वाति शर्मा, श्री मनोज सिंह चौहान तथा श्री विजय गौतम ने सभी सदस्यों को चालू खाता, बचत खाता, आधार उद्यम, नेट बैंकिंग, आरडी/ एफडी, डेबिट कार्ड के प्रयोग, महिला उद्यमियों और वरिष्ठ नागरिकों के लिए स्कीम सहित संपत्ति अधिनियम एवं बीमित के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी साझा की।

कोटा इकाई ने जीएसटी पर किया सेमिनार

एलयूबी राजस्थान की कोटा इकाई द्वारा 29 अक्टूबर को GST विषयक सेमिनार आयोजित किया गया। कार्यक्रम में ITC के नये प्रावधान, रिहायशी संपत्ति के किराए पर जीएसटी, E-Invoicing एवं पेनल्टी प्रोविजन्स को शामिल किया गया। विषय विशेषज्ञ के रूप में पूर्व अध्यक्ष, ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ टैक्स प्रैक्टिशनर एवं राजस्थान राज्य सरकार जीएसटी समिति सदस्य एडवोकेट श्री एम एल पटौदी, इंस्टिट्यूट ऑफ चॉर्टर्ड अकाउण्टेंटस के नेशनल ट्रेनर सीए देवेंद्र कटारिया एवं वरिष्ठ कर सलाहकार श्री गोविंदराम मित्तल थे। कार्यक्रम में पूर्व इकाई अध्यक्ष श्री विपिन सूद, श्री यशपाल भाटिया, श्री राजेंद्र जैन, श्री मनोज राठी सहित अनेक उद्यमी उपस्थित थे।

रेल मंत्रालय की योजना एक स्टेशन-एक उत्पाद के तहत दो स्टॉल का शुभारंभ

रेल मंत्रालय की योजना में डूंगरपुर इकाई द्वारा संचालित स्टॉल का शुभारंभ रेल मंत्रालय की योजना एक स्टेशन-एक उत्पाद के अंतर्गत एलयूबी डूंगरपुर द्वारा संचालित दो स्टॉल का शुभारंभ जिला कलेक्टर श्री इंद्रजीत यादव, सभापति नगर परिषद श्री अमृतलाल कलासुआ और ग्राम शिल्पी उद्यमी प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य श्री योगेंद्र शर्मा की उपस्थिति में किया गया। एक स्टॉल पर लघु उद्योग भारती द्वारा संचालित कल्याणी कुटीर उद्योग के मिट्टी से निर्मित उत्पाद तथा दूसरी स्टॉल पर स्थानीय शिल्पकार सोमपुरा समाज की मूर्तिकला को स्थान दिया गया है। जिला प्रशासन ने इस कार्य को और गति देने और स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजित करने के लिए इकाई को अति शीघ्र जमीन आवंटित करने का आश्वासन दिया है।

भरतपुर में जिला उद्यमी सम्मेलन आयोजित

एलयूबी राजस्थान की भरतपुर इकाई की ओर से जिला उद्यमी सम्मेलन 15 अक्टूबर को आयोजित किया गया जिसमें राष्ट्रीय संगठन महामंत्री श्री प्रकाश चंद्र, राष्ट्रीय महासचिव श्री घनश्याम ओझा, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्षश्री ओमप्रकाश मित्तल, प्रदेश महामंत्री श्री मुकेश चन्द्र अग्रवाल, जयपुर अंचल अध्यक्ष श्री सुधीर गर्ग, प्रमुख उद्योगपति श्री कृष्ण कुमार अग्रवाल, श्री दीपराज सिंह, भरतपुर इकाई अध्यक्ष श्री सुनील प्रधान, सचिव श्री संजय चौधरी सहित अनेक उद्यमी उपस्थित थे। कार्यक्रम में विशिष्ट उपलब्धियों के लिए उद्यमियों, श्रमिकों, महिलाओं व समाज-सेवकों का सम्मान किया गया।

काशी प्रांत में नई इकाई का गठन

लघु उद्योग भारती काशी प्रांत की बैठक प्रयागराज में 2 अक्टूबर को आहूत की हुई जिसमें प्रयागराज जिले की नई इकाई का गठन हुआ। प्रदेश महामंत्री श्री रविंद्र सिंह और अध्यक्ष काशी प्रांत श्री राजेश कुमार सिंह की उपस्थिति में इकाई के नए अध्यक्ष श्री संजय जैन, महामंत्री श्री विक्रम टंडन तथा कोषाध्यक्ष श्रीमती अरुणिमा परोलिया को मनोनीत किया गया।

रोजगार सृजन केन्द्र का उद्घाटन

लघु उद्योग भारती के सहयोग से दुर्ग जिले में रूंगटा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में रोजगार सृजन केन्द्र का उद्घाटन किया गया।

दिल्ली प्रांत महिला इकाई ने स्वास्थ्य सेवाओं में की प्रेरक पहल

लघु उद्योग भारती दिल्ली प्रांत महिला इकाई ने इस वर्ष अपने सेवा कार्य प्रारम्भ करते हुए कार्यस्थल पर ही कर्मचारियों के लिए नि:शुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर आयोजित करने की पहल की है। इस शिविर में करीब 20 प्रकार की जांच की जा रही हैं।

ੴ ਸ੍ਰੀ ਵਾਹਿਗੁਰੂ ਜੀ ਕੀ ਫ਼ਤਹਿ

पंजाब एण्ड सिंध बैंक

(भारत सरकार का उपक्रम)

Punjab & Sind Bank

(A Govt. of India Undertaking)

Where service is a way of life

PSB- APNA GHAR

PSB UniC
You & I Connected
Mobile & Internet Banking Solution

https://punjabandsindbank.co.in APPLY NOW

1800 419 8300 (Toll Free)

Follow us @PSBIndOfficial

UDYOG TIMES
OFFICIAL PUBLICATION OF LAGHU UDYOG BHARATI
30 October, 2022
Registration No. RAGBIL/2016/69093
Postal Reg. No. : Jaipur City/433/2020-22

LUB's New Unit Bayana of Bharatpur District in Rajasthan State was inaugurated in the presence of National Org. Secretary Shri Prakash Chandra, Former National President Shri OP Mittal & National General Secretary Shri Ghanshyam Ojha on 15th Oct. 2022.

LUB's Coimbatore Unit conducted a Meeting for Core Committee in the presence of TN State President Shri Mohana Sundaram and Joint General Secretary Shri Shivakumar on 15th Oct. 2022.

LUB's Delhi State Unit & Policy Watch India jointly organized a Workshop on Industry 4.0 for sharing deep insight of Artificial Intelligence & Automation on 14th Oct. 2022.

LUB's National General Secretary Shri Ghanshyam Ojha and President Rajasthan State Shri Shantilal Balad addressed a Meeting of Jodhpur Anchal Executive on 1st Oct. 2022.

LUB's Jalandhar Unit of Punjab State observed a Meeting of EC.

LUB's National Secretary Shri Sameer Mundara attended a Meeting of Governing Body of Madhya Pradesh Council for Science & Technology presided over by Chief Minister.

An In House Monthly Magazine of Laghu Udhog Bharti, Published by Om Prakash Mittal Printed at RAJ BLOCKS, B-81, Road No. 4, 22 Godown Industrial Area Kartapura, JAIPUR-302019